डरा धमकाकर अवैध वसूली, ब्लेकमेलिंग के आरोप में दो तथाकथित पत्रकार गिरफ्तार

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। लोगों को डरा-धमकाकर अवैध वसूली करने वाले दो लोगों को बिछुआ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित लोगों की फोटो-वीडियो बनाकर उन्हें वायरल करने, जान से मारने और 181 सी एम हेल्पलाइन व वरिष्ठ कार्यालयों में झूठी शिकायत करने की धमकी देकर पैसों की मांग करते थे।

मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है, जबकि उनका एक साथी फिलहाल फरार है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मुर्रा निवासी संदीप साहू उम्र 33 वर्ष और ग्राम पुलपुलडोह निवासी भोलाराम धिंगारे उम्र 44 वर्ष ने बिछुआ थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई थी।

पीड़ितों ने बताया कि आरोपित खुद को पत्रकार बताकर फोटो और वीडियो बना लेते थे, फिर उन्हें वायरल करने और शिकायत करने की धमकी देकर जबरन पैसों की वसूली करते थे। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 308(5) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पुलिस ने साहिर उर्फ साहिल पिता आबिद मंसूरी उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम उमरिया और चंचलेश पिता स्व. हेमा इंदौरकर उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम खमरा को गिरफ्तार किया है। जबकि ज्ञानेन्द्र पिता हेमा इंदौरकर, निवासी ग्राम खमरा की तलाश जारी है।

पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चौरई, भारती जाट के निर्देशन में बिछुआ थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश उइके के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

पुलिस टीम ने साइबर सेल की मदद से फरियादियों के मोबाइल में गूगल पे और फोनपे की ट्रांजैक्शन हिस्ट्री व 181 सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज शिकायतों की जांच की तो अवैध वसूली की पुष्टि हुई।

अनाज ब्रोकर एसोसिएशन का वार्षिक मिलन समारोह संपन्न

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रति वर्ष अनुसार कल 20 सितम्बर 2026 को अनाज ब्रोकर एसोसिएशन गांधी गंज छिंदवाड़ा द्वारा वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें व्यापार से जुड़े मुख्य बिंदुओं पर चर्चा हुई साथ ही नई कार्यकारिणी की नियुक्ति सर्वसम्मति से हुई। इस अवसर पर समिति के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। नई कार्यकारिणी 2026-27 में संरक्षक- उमेश अग्रवाल, प्रतीक शुक्ला, आशुतोष डागा, शांति सुराना, कलीराम साहू, अध्यक्ष- विक्की साहू, वरिष्ठ सलाहकार- पंडित श्याम सुंदर उपाध्याय, कार्यकारी अध्यक्ष- दिनेश साहू गोलू भैया, उपाध्यक्ष मोनू साहू, मिथुन रघुवंशी, पवन साहू, प्रमोद महेश्वरी, संदीप साहू, सचिव- अमन शर्मा, अनिल शर्मा, महामंत्री- वेणी तिवारी आदि शामिल।

घूमता आईना

अवैध कटाई मामले में अब आया नया मोड़, कई जाएंगे जेल

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले के विकासखण्ड बिछुआ स्थित ग्राम खदबेली में जो भी जांच पड़ताल हुई उसमें केवल अवैध कटाई का मामला बनाया गया और एक आरोपी को ही जेल भेजने की कार्यवाही, एफआईआर दर्ज की खबर है। जबकि खसरा क्रमांक 27, 29 में कोई वृक्ष थे ही नहीं, रजिस्ट्री भी स्पष्ट बता रही है लेकिन पटवारी के द्वारा खसरे में फर्जी सागौन के पेड़ दर्शाकर तत्कालीन तहसीलदार के द्वारा मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग के खसरा क्रमांक 38 में लगे सागौन के करोड़ों के कीमती सागौन की कटाई कर डाली और अनुमति भी तहसीलदार ने दी दी थी। अवैध कटाई के दौरान स्वयं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के द्वारा एक दो बार निरीक्षण भी किया गया था लेकिन पटवारी से लेकर एसडीएम तक किसी ने यह देखने की जहमत नहीं उठाई कि निजी भूमि में सागौन कटाई की अनुमति दी जा रही है जबकि वहां सागौन के वृक्ष थे ही नहीं, सागौन के वृक्ष खसरा नम्बर 38 म.प्र. शासन राजस्व विभाग की भूमि में थे जिनकी अवैध कटाई की गई और अब यह मामला लोकायुक्त के पाले में भी पहुंच गया है। कुल मिलाकर सरकारी जमीन की सरकारी ईमारती सागौन की लकड़ी को सरकारी तंत्र ने ही काटकर सरकार को ही बेच दिया और मालामाल हो गए। ऐसी स्थिति में क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि तत्कालीन तहसीलदार, आर आई, पटवारी और जिन किसानों ने फर्जी अपने खाते में खसरे में सागौन दर्ज कराई है ऐसे लोगों पर कार्यवाही हो ताकि सरकार का पैसा वापस मिल सके।

सार समाचार

जिला स्तरीय विद्युत सलाहकार समिति में विधायक कमलेश शाह अध्यक्ष, नपाध्यक्ष प्रीति नितिन तिवारी सदस्य नियुक्त

अमरवाड़ा, देशबन्धु। जिले में विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने और उपभोक्ताओं की समस्याओं के निराकरण के लिए गठित जिला स्तरीय विद्युत सलाहकार समिति, छिंदवाड़ा में प्रभारी मंत्री राकेश सिंह द्वारा विधायक राजा कमलेश शाह को अध्यक्ष एवम अमरवाडा नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रीति नितिन तिवारी को सदस्य मनोनीत किया गया है।

कलेक्टर हरेंद्र नारायण द्वारा जारी आदेश के अनुसार समिति में जनप्रतिनिधियों को शामिल किया गया है ताकि आम जनता से जुड़ी बिजली की समस्याओं, नए कनेक्शन, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और रखरखाव जैसे विषयों पर सीधे सुझाव लिए जा सकें। अमरवाडा विधानसभा से विधायक राजा कमलेश शाह एवम श्रीमती प्रीति नितिन तिवारी के मनोनयन पर नगर के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया और कहा उनके अनुभव से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत समस्याओं को शासन तक प्रभावी ढंग से पहुँचाकर निरकरण कराया जा सकेगा।

नियुक्ति पर अमरवाडा नगरपालिका अध्यक्ष ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे उपभोक्ताओं के हित में अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएंगी।

जिले में अभी तक 775 मि.मी. वर्षा दर्ज

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 775 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 981.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 20 सितंबर 2026 को प्रात: 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 7.8 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि जिले में एक जून से अभी तक तहसील छिन्दवाड़ा में 454.6, मोहखेड़ में 537.2, तामिया में 1006.2, अमरवाड़ा में 744, चौरई में 790.4, हर्रई में 1064.6, बिछुआ में 649.3, परासिया में 547.9, जुन्नारदेव में 767.6, चांद में 855.9 और उमरेठ में 989.1 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

ग्राम पंचायत इकलहरा में तीसरे दिन कथित वित्तीय अनियमितता व भ्रष्टाचार के खिलाफ क्रमिक भूख हड़ताल जारी

गुढ़ी अम्बाड़ा, देशबन्धु। विधानसभा क्षेत्र परासिया के अंतर्गत आने वाली बाहुल्य आबादी वाली ग्राम पंचायत इकलहरा में की गई वित्तीय अनियमितताएं एवं शासकीय राशि के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के आरोप को लेकर इकलहरा बस स्टॉप में शुरू की गई क्रमिक भूख हड़ताल 20 सितंबर को तीसरे दिन भी जारी है। सरपंच एवं सचिव के ऊपर भ्रष्टाचार की जांच व एफआईआर की मांग को लेकर उपसरपंच व पंच और ग्रामीणों के द्वारा जारी क्रमिक भूख हड़ताल के तीसरे दिन क्षेत्र के नागरिक इलियास सिद्दीकी भूख हड़ताल पर बैठे।

गौरतलब है कि इकलहरा सरपंच एवं सचिव के द्वारा शासकीय राशि जोकि लगभग एक करोड़ रुपए भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए गए ग्रामीणों के उत्थान व ग्राम के विकास के लिए शासन के द्वारा दी गई राशि का दुरुपयोग करने के बाद जांच के दौरान कहीं फंस ना जाए इसे देखते हुए साक्ष्यों को भी नष्ट कर दिये गए। इन्हीं सब मामलों को लेकर जनपद पंचायत सहित उच्च अधिकारियों को पूर्व में ज्ञापन सौंपा गया था और जांच करने के बाद दोषियों पर पुलिस एफ.आई.आर. दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की गई थी लेकिन अभी तक जांच व कार्रवाई नहीं होने पर इकलेहरा बस स्टॉप पर क्रमिक भूख हड़ताल की शुरुआत की गई जिसका आज तीसरा दिन है। लेकिन अभी तक प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा किसी भी तरह की जांच व करवाई नहीं की गई जिससे कहीं ना कहीं प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहा है। इस भूख हड़ताल के दौरान उप सरपंच पंचगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

संकल्प मायक्रो एसोसिएशन के मुख्य कार्यालय के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए सौसर शाखा के सदस्य

सौसर, देशबन्धु। नगर के संकल्प मायक्रो एसोशियसन के मुख्य कार्यालय का भूमिपूजन कार्यक्रम रविवार को नागपुर के पेरिस सिटी परिसर मे सम्पन्न हुआ। भूमिपूजन कार्यक्रम संस्था के संचालक सुमित घोष, सतीश कोहड एवं देविका चिकाने की प्रमुख उपस्थिती मे कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

संस्था के संचालक श्री कोहड ने बताया की मात्र 5 वर्षो की यात्रा मे नागपुर के बेशकीमती इलाके मे स्वयं की जगह पर हेड ऑफिस का निर्माण कार्य करना सभी ग्राहको का भरोसा है। नागपुर मे हुए इस भव्य आयोजन मे सौसर शाखा के क्षेत्रीय प्रबंधक ऋषिकेश नाकतोड़े के नेतृत्व मे शाखा प्रबंधक रवि आरेकर, भूषण अम्बडकर, कौशिक कुल्हाडे के अलावा शेख रिजवान, मयूर नरड, श्री बोडखे, आकाश खंडाईत शामिल हुए।

आंधी तूफान से कई गांव के फसल नष्ट, सर्रा, मटकुली, सोनपुर स्वीट कार्न मक्का हुए धराशाई

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। जिले में रविवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। दोपहर के बाद बादलों की गड़गड़ाहट और तेज बिजली की चमक के साथ मूसलाधार बारिश हुई। इस तेज बारिश के चलते जहां लोगों को पिछले कई दिनों से पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी और उमस से भारी राहत मिली है, वहीं पूरा मौसम सुहाना और ठंडा हो गया है। सिंगोड़ी में भी अचानक शुरू हुई बारिश के कारण सड़कों पर पानी बहने लगा और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बीते कुछ दिनों की कड़क धूप और उमस ने हाल बेहाल कर रखा था, लेकिन आज की बारिश ने मौसम को खुशनुमा बना दिया है। एक ओर जहां बारिश से आम जनजीवन को राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर तेज हवाओं और तूफान ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। बीते दिन हुई बारिश और तेज हवा के कारण मटकुली, सोनपुर, सारसवाड़ा, साबलेवाड़ी और सर्रा गांवों में भारी नुकसान हुआ है। इन क्षेत्रों में तेज हवा और पानी की वजह से खेतों में खड़ी स्वीट कॉर्न (भुट्टे) की फसल पूरी तरह से टूटकर जमीन पर गिर गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है।

बिजली की तेज कड़क और चमक को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। आमजनों से अपील की गई है कि वे बारिश और तूफान के दौरान सुरक्षित स्थानों पर रहें और खुले मैदानों, पेड़ों के नीचे या बिजली के खंभों के पास बिल्कुल न खड़े हों। कृषि विभाग अब प्रभावित गांवों में फसल के नुकसान का आकलन कर रहा है।

अमरवाड़ा के बारात घर में लगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

अमरवाड़ा, देशबन्धु। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर जिले में चलाए जा रहे 76 दिवसीय सेवा-संकल्प अभियान के अंतर्गत अमरवाड़ा के बारात घर में नि:शुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह इस अभियान का 51वां नि:शुल्क नेत्र शिविर रहा।

जन अधिकार सेवा समिति के अध्यक्ष एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा मध्यप्रदेश संदीप रघुवंशी के नेतृत्व में 1 अगस्त से 15 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे इस सेवा अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों एवं क्षेत्रों में लगातार नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

अमरवाड़ा नगरवासियों के आग्रह पर बारात घर में आयोजित शिविर में लगभग 250 मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया।

शिविर के दौरान चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों की आंखों की जांच कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। आयोजन का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके क्षेत्र में ही नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना रहा।

कार्यक्रम में रामेश्वर पटेल, रवि भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री टीकाराम चंद्रवंशी, जिला मंत्री शैलेंद्र पटेल, मंडल अध्यक्ष सचिन गोल्डी नेमा, महामंत्री आशु चाचड़, भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र जैन, जिला निगरानी समिति सदस्य मुकेश सूर्यवंशी, विनोद चौरसिया, जनपद सदस्य संतोष वर्मा, मोनू चौरसिया, सौरभ चौरसिया, अमित नेमा सहित भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की टीम ने मरीजों की जांच में सहयोग किया। आयोजन से नगरवासियों ने नि:शुल्क नेत्र जांच की सुविधा मिलने पर आयोजकों एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

संदीप रघुवंशी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन के अवसर पर 76 नि:शुल्क नेत्र शिविर आयोजित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में अमरवाड़ा का शिविर 51वां शिविर रहा। अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ छिन्दवाड़ा की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित

छिन्दवाड़ा, देशबन्धु। प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष मोहित सूर्यवंशी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ जिला शाखा छिंदवाड़ा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

अनुभवी मार्गदर्शकों के रूप में आर. जी. चितवार एवं संजय भावरकर को संरक्षक सदस्य तथा संगठन की मजबूती और मातृशक्ति की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करते हुए श्रीमती मनीषा डेहरिया को जिला सचिव एवं श्रीमती नीलू धुर्वे को महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। उपाध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष पदों पर विभिन्न विभागों के लिपिकों को संगठनात्मक जिम्मेदारी सौंपते हुए गौरव सिंह बैस, प्रकाश दलदले, श्रीमती सुलोचना लिखार, श्रीमती नीलू पवार, सजल दत्त, अंकित मालवी, मनीष बंदेवार एवं विजय श्रीवास को उपाध्यक्ष बनाया गया है। इसके साथ ही विजय इनवाती एवं अभिषेक गनेर को सह सचिव तथा कोषालय विभाग से सारंग नांदेरकर को कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

संगठन के मंत्रिमंडल सदस्य के रूप में प्रागीलाल सिरसाम, सुनील कुमार दुबे, राजेश बघेल, सारंग पाठक, कृष्ण कुमार उइके, चंचलेश नागवंशी, पंकज शुक्ला, राजेश रायकवार एवं विनोद चौधरी को शामिल किया गया है।

नवनियुक्त कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए जिला अध्यक्ष मोहित सूर्यवंशी ने कहा कि यह कार्यकारिणी एकजुटता, अनुशासन, आपसी समन्वय और सामूहिक नेतृत्व की भावना के साथ कार्य करेगी। लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों की समस्याओं एवं उनके हितों से जुड़े विषयों को हर स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा। उन्होंने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन की गरिमा बनाए रखकर पूरी निष्ठा और सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।